# सजा अवधि पूरी करने वाले कैदी को रिहा करें

**केंद्र शासित प्रदेशों को सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्देश**

**आदेश को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजें**



**नईदिल्ली, 12 अगस्त. उच्चतम न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि कोई दोषी व्यक्ति सजा की निर्धारित अवधि पूरी करने के बाद भी जेल में बंद है और किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है तो उसे तत्काल रिहा किया जाए.**

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने 2002 के नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी सुखदेव यादव उर्फ पहलवान को रिहा करने का आदेश देते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह निर्देश दिया. न्यायालय ने कहा कि यादव ने इस साल मार्च में बिना किसी छूट के 20 साल की सजा पूरी कर ली है. पीठ ने इसके साथ ही सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को निर्देश दिया कि वे यह पता करें कि कोई दोषी व्यक्ति सजा की निर्धारित अवधि से अधिक समय तक जेल में बंद तो नहीं है.

यदि कोई दोषी व्यक्ति किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है और निर्धारित अवधि से अधिक समय तक जेल में बंद है तो जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे शीघ्र रिहा किया जाए. पीठ ने कहा कि न्यायालय के इस आदेश को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव को भेजा जाए ताकि इससे राज्यों के जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों अवगत कराया जा सके.

### 65 लाख नामों की गैरमौजूदगी पर सवाल

बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान पर अब सुप्रीम कोर्ट की नजरें टिकी हैं. मंगलवार को हुई अहम सुनवाई में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या की पीठ ने चुनाव आयोग से स्पष्ट किया कि प्रक्रिया में पारदर्शिता और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा सर्वोपरि है। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत को बताया कि इस महीने प्रकाशित हुई पहली ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में चौंकाने वाली गड़बड़ियां हैं। उन्होंने दावा किया कि कम से कम 12 जीवित लोगों को मृत घोषित कर दिया गया है, जबकि लगभग 65 लाख नाम सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि ऐसे बड़े पैमाने पर नाम हटाना जनतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन अदालत ने जब यह पूछा कि जिन लोगों के नाम हटाए गए हैं, उनकी पूरी सूची क्यों नहीं दी गई, तो सिब्बल ने कहा कि यह गड़बड़ी व्यापक स्तर पर हर बूथ पर हो रही है, और सभी पीड़ितों की जानकारी जुटाना चुनौतीपूर्ण है. चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने अदालत को आश्वस्त किया कि ड्राफ्ट सूची के बाद फाइनल लिस्ट तैयार की जाएगी, जिसमें सभी गलतियों को सुधारा जाएगा। उन्होंने यह भी माना कि इतने बड़े पैमाने पर की गई प्रक्रिया में कुछ मानव त्रुटियां संभव हैं.

## पनामा नहर के बारे में अमेरिका के आरोप बेबुनियाद : चीन

**संयुक्त राष्ट्र, 12 अगस्त.** संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि फू कांग ने सोमवार को समुद्री सुरक्षा को लेकर चीन पर लगाए गए अमेरिका के उन आरोपों को खारिज कर दिया जिनमें पनामा नहर पर चीन के कथित 'प्रभाव' की बात कही गयी है. फू ने कहा कि हाल ही में अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल ने चीन पर कई बार अनुचित आरोप लगाए हैं. हम इसका कड़ा विरोध करते हैं. उन्होंने सुरक्षा परिषद में समुद्री सुरक्षा पर एक उच्चस्तरीय खुली बहस में भाग लेते हुए कहा चीन ने हमेशा नहर पर पनामा की संप्रभुता का सम्मान किया है और एक अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग के रूप में नहर की स्थायी तटस्थता को मान्यता देता है.



## पेंसिल्वानिया इस्पात संयंत्र में विस्फोट में दो मरे, दस घायल

**पेंसिल्वानिया, 12 अगस्त. अमेरिका में पेंसिल्वानिया के क्लेयरटन स्थित 'यूएस इस्पात' संयंत्र में आज हुये एक विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गयी और दस अन्य घायल हो गए.**

स्थानीय अधिकारियों ने विस्फोट में दो लोगों के मारे जाने और कम से कम दस के घायल होने की पुष्टि की है. अधिकारियों के मुताबिक विस्फोट के बाद संयंत्र का एक हिस्सा नष्ट हो गया है. यह दुर्घटना पिट्सबर्ग के ठीक बाहर स्थित 'यूएस स्टील क्लेयरटन' संयंत्र में हुई जहाँ 'वाणिज्यिक कोक' का उत्पादन होता है जो स्टील उत्पादन में इस्तेमाल होने वाला ईंधन है. पहले अधिकारियों ने दुर्घटना में एक व्यक्ति के मारे जाने की सूचना दी थी. इस बीच अलेघनी काउंटी के अधिकारियों ने आज दो लोगों को मारे जाने की पुष्टि की. उन्होंने एनबीसी न्यूज़ को बताया कि पहले लापता बताए गए एक व्यक्ति का शव मिलने से मृतकों की संख्या दो हो गयी है.विस्फोट से भीषण आग लग गई जिसके कारण वायु-गुणवत्ता संबंधी चेतावनी जारी कर दी गई है.

प्रदूषण संबंधी चिंताओं के कारण लगभग दो किलोमीटर के दायरे में रहने वाले निवासियों से खिड़कियाँ और दरवाजे बंद रखने का आग्रह किया गया था. हालाँकि बाद में यह चेतावनी हटा ली गई. विस्फोट के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है. दुर्घटना की जांच जारी है.

### पहला विस्फोट काफी शक्तिशाली था

पुलिस ने कहा कि पहला विस्फोट काफी शक्तिशाली रहा। इस विस्फोट के बाद एक और धमका हुआ, मगर उससे ज्यादा क्षति नहीं हुई। मृतकों में एक की पहचान 39 वर्षीय टिमोथी क्विन के रूप में हुई है। दूसरे की पहचान सोमवार रात तक नहीं हो पाई। अधिकारियों ने बताया कि 10 लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। इनमें पांच लोगों की हालत गंभीर लेकिन स्थिर बताई गई है। संयंत्र ने सोमवार दोपहर बयान जारी किया-सोमवार को पूर्वी समयानुसार सुबह लगभग 11 बजे, यूएस स्टील के क्लेयरटन प्लांट में विशेष रूप से कोक ओवन बैटरी 13 और 14 में एक दुर्घटना घटी। आपातकालीन टीमों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। हम घटना के कारणों की जांच के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

# प्रियंका गांधी के बयान पर भड़का इजराइल

**नरसंहार और पत्रकारों की हत्या जैसे गंभीर आरोप लगाए थे**



**नईदिल्ली, 12 अगस्त. गाजा पट्टी में जारी संघर्ष को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और भारत में इस्राइल के राजदूत रूवेन अजार के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है.**

प्रियंका गांधी ने जहां इस्राइल पर नरसंहार और पत्रकारों की हत्या जैसे गंभीर आरोप लगाए, वहीं इस्राइली राजदूत ने उन्हें शर्मनाक ढकोसलेबाज करार दिया है. इस बयानबाज़ी ने भारत में इस्राइल-फलस्तीन मुद्दे को एक बार फिर गरमा दिया है.

गाजा में जारी हिंसा और मानवाधिकार उल्लंघन के आरोपों पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और भारत में इस्राइली राजदूत रूवेन अजार के बीच तीखा टकराव देखने को मिला है. प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए इस्राइल पर नरसंहार, बच्चों की हत्या और पत्रकारों की हत्या जैसे गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि इस्राइल ने 60,000 से अधिक लोगों को मार डाला है, जिनमें 18,000 से ज़्यादा बच्चे शामिल हैं.


प्रियंका गांधी ने विशेष रूप से अल-जज़ीरा के पांच पत्रकारों की मौत को एक जघन्य अपराध बताया और इस्राइली कार्रवाई की कड़ी निंदा की. उन्होंने इसे सच्ची पत्रकारिता की हत्या करार देते हुए सवाल उठाया कि दुनिया कब तक ऐसे अत्याचारों पर चुप रहेगी. इस पर प्रतिक्रिया देते हुए इस्राइली राजदूत रूवेन अजार ने प्रियंका गांधी को कड़ी फटकार लगाई. उन्होंने कहा आपकी ढकोसलेबाजी शर्मनाक है.

## पांच महीने से वेतन बंद, आर्थिक संकट में फंसीं शिक्षिकाएं

**बेमेतरा, 12 अगस्त.** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में स्थित नवागढ़ देवकर के सेजल आत्मानंद प्री-प्राइमरी स्कूल की शिक्षिकाओं का वेतन संकट गहराता जा रहा है. लगातार पांच महीने से वेतन न मिलने से परेशान शिक्षिकाएं कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं और समस्याएं बताकर राहत की गुहार लगाई. उन्होंने बताया कि लंबे समय से वेतन बंद रहने के कारण घर चलाना मुश्किल हो गया है और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है. शिक्षिकाओं का कहना है कि जब भी वे संबंधित अधिकारियों से संपर्क करती हैं उन्हें डीएमएफ फंड में राशि की कमी का हवाला देकर टाल दिया जाता है.

# मुझे भी भाजपा में शामिल होने का ऑफर मिला था : बघेल

- खुद की तुलना असम सीएम से करने से इनकार किया



**बिलासपुर, 12 अगस्त. छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए खुद की तुलना असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा से करने से इनकार किया. बघेल ने दावा किया, उन्हें भाजपा में शामिल होने का प्रस्ताव मिला था, लेकिन उन्होंने इसे सिरे से ठुकरा दिया.**

बघेल के अनुसार भाजपा भयादोहन की राजनीति कर रही है और जो नेता इस दबाव में पार्टी में शामिल हो गए, उनके खिलाफ चल रही जांच और मामले बंद कर दिए. उन्होंने कहा, मुझे भी उम्मीद की जा रही थी कि मैं भाजपा में चला जाऊं, शरणागत हो जाऊं, लेकिन यह मुमकिन नहीं. जो डरने वाले थे, वे शरणागत हो गए. उन्होंने इसे लोकतंत्र और राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए खतरनाक बताया. बघेल का यह बयान उस समय आया है जब हाल ही में कई विपक्षी नेता भाजपा में शामिल हुए हैं और उनके खिलाफ की जा रही कानूनी कार्रवाई ठप पड़ गई है.

### एक नजर में



## छग में औसत बारिश सामान्य, 6 जिलों में कमी

**रायपुर, 12 अगस्त.** छत्तीसगढ़ में इस बार मानसून की स्थित को लेकर मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार एक जून से 12 अगस्त के बीच प्रदेश में औसत वर्षा 678 मिमी दर्ज की गई है, जो सामान्य 720 .9 मिमी से लगभग 6 प्रतिशत कम है. राज्य में अधिकांश जिलों में वर्षा सामान्य श्रेणी में रही, लेकिन कुछ जिलों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला. सबसे अधिक वर्षा बलरामपुर जिले में हुई, जहां 1113 .5 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य से 85 प्रतिशत अधिक है और इसे लार्ज एक्सेस श्रेणी में रखा गया है. वहीं, मोहला-मानपुर-चौकी (26 प्रतिशत अधिक) और जांजगीर-चांपा (30 फीसदी अधिक) में भी बारिश सामान्य से कहीं ज्यादा हुई. इसके विपरीत बेमेतरा (-48प्रतिशत), कांकेर (-22प्रतिशत ), धमतरी (-20प्रतिशत ), कोंडागांव (-29प्रतिशत ), सुरजुगा (-26प्रतिशत ) और सुकमा (-30 प्रतिशत ) जैसे जिलों में बारिश में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई.

## चीन में संक्रामक रोग प्रकोप की चेतावनी जारी

**बीजिंग, 12 अगस्त.** चीन ने संक्रामक रोगों के प्रकोप की पूर्व चेतावनियों के प्रबंधन के लिए नये नियम जारी किये हैं, जिसका उद्देश्य संबंधित कार्यों को मानकीकृत और निर्देशित करना, सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिमों से बचाव करना और लोगों के जीवन तथा स्वास्थ्य की रक्षा करना है. राष्ट्रीय रोग नियंत्रण एवं रोकथाम प्रशासन द्वारा जारी किए गए 19 लेखों, चार खंडों वाले नियमों में इसके दायरे और परिभाषाओं, प्रमुख प्रक्रियाओं और संचालन तंत्रों और सुरक्षा नियमों जैसे प्रमुख घटकों की रूपरेखा दी गई है. इन नियमों में अधिसूचित रोगों, उभरते संक्रामक रोगों, अज्ञात कारणों से होने वाली बीमारियों और अन्य उच्च जोखिम वाले संक्रमणों से उत्पन्न होने वाले सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों के लिए पूर्व चेतावनियां अनिवार्य बनाया है.

## फर्म ने टीटीडी ट्रस्ट को दिए 1.10 करोड़ दान

**तिरुमाला 12 अगस्त.** हैदराबाद स्थित कैप्स्टन सर्विसेज के संस्थापक और प्रबंध निदेशक कोडाली श्रीकांत ने तिरूमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के वेंकटेश्वर अन्न प्रसादम ट्रस्ट को एक करोड़ रुपये और वेंकटेश्वर गोसंरक्षण ट्रस्ट को 10 लाख रुपये दान किए. श्रीकांत ने श्रीवारी मंदिर के अंदर रंगनायकुला मंडपम में टीटीडी के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी सीएच वेंकैया चौधरी को डिमांड ड्राफ्ट के रूप में दान दिया.

# भारत पर आयात शुल्क से रूस को झटका!

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़बोलापन**



**वाशिंगटन, 12 अगस्त. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पारस्परिक 'आयात शुल्क' नीतियों की सफलता का बखान करते हुए कहा है कि रूसी तेल खरीद को लेकर भारत पर लगाये गये उनके भारी प्रतिबंधों ने रूस को बड़ा झटका दिया है.**

ट्रंप ने कहा कि कई देशों पर अमेरिकी आयात शुल्क लगाने से उत्पन्न वैश्विक दबाव से रूस की अर्थव्यवस्था पर भारी असर पड़ा है जिनमें से कई देश रूसी ऊर्जा और हथियारों के शीर्ष खरीदार हैं. ट्रंप ने भारत का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि जब अमेरिका के राष्टपति अपने सबसे बड़े या दूसरे सबसे बड़े तेल खरीदार से कहते हैं कि अगर आप रूस से तेल खरीदते हैं तो हम आप पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा रहे हैं तो इससे कोई मदद नहीं मिलती. यह एक बड़ा झटका था. कोई भी इतना सख्त नहीं होता और फिर मैं यहीं नहीं रुका.

विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी कदमों को गलत और अनुचित बताते हुए अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का संकल्प लिया है. अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन के एक पूर्व अधिकारी ने ट्रंप के इस कदम की निंदा करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपने देश के अधिकारों के लिए खड़े होने के लिए इतिहास में दर्ज होंगे. गौरतलब है कि पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगा दिया.

# इस बार आर्मी-डे परेड जयपुर में होगी

**सीएम भजनलाल की भारतीय थल सेना व अधिकारियों की बैठक**

**जयपुर, 12 अगस्त. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान के सम्मान में हर वर्ष आयोजित होने वाले आर्मी-डे परेड का आयोजन इस बार 15 जनवरी को प्रदेश की राजधानी जयपुर में किया जाएगा.**

शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर आर्मी-डे परेड की तैयारियों को लेकर भारतीय थल सेना एवं राज्य सरकार के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक ले रहे थे. उन्होंने कहा कि इस आर्मी-डे परेड का आयोजन भारतीय सेना द्वारा पहली बार आर्मी क्षेत्र से बाहर आमजन के समक्ष किया जाएगा, जिससे युवाओं में देश भक्ति की भावना और अधिक प्रबल हो सके तथा दुनिया में बदलते भारत की उभरती तस्वीर नजर आए. उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की विश्व में पराक्रम और वीरता के लिए विशिष्ट पहचान है. हमारे वीर जवानों ने अपनी बहादुरी का प्रदर्शन कर दर्शाया है कि देश की आन, बान और शान के लिए वे सर्वस्व न्यौछावर करते हैं.



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेना के इसी शौर्य को सम्मान देने के लिए आर्मी-डे परेड के इस आयोजन को और भव्य बनाया जाए. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आर्मी-डे परेड में स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं, पर्यटकों सहित आमजन की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित की जाए. साथ ही परेड स्थल का चयन करते समय अनुमानित दर्शक क्षमता का भी विशेष ध्यान रखा जाए. उन्होंने जिला कलक्टर जयपुर को आयोजन स्थल का नक्शा बनाते हुए पूरा रो? मैप तैयार करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि पूरे कार्यक्रम में दर्शकों को राजस्थान की अद्भुत संस्कृति की झलक भी दिखनी चाहिए.

# मादक पदार्थ से जुड़े अपराध में सवा लाख लोग गिरफ्तार

**39,627** को हेरोइन के लिए पकड़ा

**11,620** किलो गांजा जब्त किया

**कोलंबो, 12 अगस्त. श्रीलंका में विभिन्न मादक पदार्थ से जुड़े अपराधों के लिए एक जनवरी से 11 अगस्त के बीच सवा लाख लोगों को गिरफ्तार किया गया है. लोक सुरक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी.**

मंत्रालय ने बताया कि इनमें से 39,627 लोगों को हेरोइन और उससे संबंधित अपराधों के लिए, 47,615 लोगों को क्रिस्टल मेथामफेटामाइन (आईसीई) रखने के लिए और 42,620 लोगों को गांजा से जुडे अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया. बयान में कहा गया है कि सरकारी



अधिकारियों ने 934.55 किलो हेरोइन, 1,402.9 किलो आईसीई और 11,620 किलो गांजा भी जब्त किया. मंत्रालय ने कहा कि वह अपने अभियान जारी रखेगा, जिसमें श्रीलंकाई पुलिस और तीनों बलों को तैनात किया जाएगा ताकि देश भर में नशीली दवाओं के खतरे को खत्म किया जा सके, संगठित अपराध को दबाया जा सके.

### आज का इतिहास


**1521** एक विस्तारित घेराबंदी के बाद, स्पैनिश विजयवर्गीय हर्नान कोर्टेस के नेतृत्व वाली ताल्तानी क्युहैटेमोक पर सेना ने कब्जा कर लिया और तेनोच्तितलान के एज़्टेकपिटल को जीत लिया।

**1598** फ्रांस के शासक हेनरी चतुर्थ ने नांत का प्रख्यात आदेश जारी किया। इस आदेश के आधार पर प्रोटेस्टेन्ट ईसाईयों को पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता दी गयी।

**1624** कार्डिनल रिचल्यू किंग लुईस मुख्यमंत्री बने, और उनकी देखरेख में, फ्रांस की सामंती राजनीतिक बाधा एक शक्तिशाली केंद्र सरकार के साथ एक में बदल गई।

# इमरान खान मामले में सुप्रीम कोर्ट का नोटिस जारी

- 19 अगस्त तक के लिए स्थगित की सुनवाई



**इस्लामाबाद, 12 अगस्त. पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री और तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेता इमरान खान की अपीलों की बाबत पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया.**

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश याह्या अफरीदी ने सवाल उठाया कि क्या जमानत मामले में अंतिम टिप्पणियां दी जा सकती हैं. अदालत ने अभियोजन पक्ष को विधिक प्रश्नों की तैयारी करने का निर्देश दिया और मामले की सुनवाई 19 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी. इमरान खान और अभियोजन पक्ष के वकीलों को निर्देश दिया गया कि वे पहचाने गए विधिक प्रश्नों पर अदालत की सहायता करें. मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट ऐसा कोई भी फैसला नहीं सुनाएगा जिससे पीटीआई संस्थापक से जुड़े किसी अन्य मामले पर असर पड़े.

## ताइवान में भीषण तूफान 'पोडुल' के लिये चेतावनी जारी

**ताइपे, 12 अगस्त.** ताइवान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने मंगलवार दोपहर भीषण तूफान 'पोडुल' के द्वीप के निकट पहुँचने पर चेतावनी जारी की. इससे पहले दिन में समुद्री चेतावनी जारी की गई थी. एजेंसी के अनुसार दोपहर 2 बजे तक 'पोडुल' ताइतुंग से लगभग 580 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व में केंद्रित था और उत्तर-पश्चिम-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए पश्चिमोत्तर की ओर बढ़ रहा था. इस कारण पूर्वी ताइवान, बाशी चैनल और ताइवान जलडमरूमध्य के जलक्षेत्रों के लिए खतरा पैदा हो गया है.,एजेंसी ने कहा कि भूमि चेतावनी क्षेत्र में हुआलिएन, ताइतुंग, काऊशुंग और पिंगतुंग शामिल हैं.

# नेतन्याहू युद्ध को रोकने से कर रहे इनकार

- ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने लगाया आरोप



**कैनबरा, 12 अगस्त. ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने इज़राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर गाजा में युद्ध के परिणामों को लेकर इनकार करने का आरोप लगाया है. मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है.**

अल्बानीज़ ने सोमवार को घोषणा की कि उनका देश सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा में फ़िलिस्तीन को एक राष्ट्र के तौर पर मान्यता देगा. ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा का भी इस मामले में यही रूख है.श्री अल्बानीज़ ने कहा कि इज़राइली सरकार के अपने वादों को पूरा नहीं करने के प्रति निराशा ने इस कदम को प्रेरित करने में भूमिका निभाई है. ऑस्ट्रेलियाई हत्या और हिंसा के चक्र को रुकते देखना चाहते हैं. बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, गाजा में युद्ध समाप्त करने के बढ़ते दबाव का सामना कर रहे इज़राइल ने कहा कि फिलिस्तीन को मान्यता देना आतंकवाद को पुरस्कृत करने जैसा है. नेतन्याहू ने ऑस्ट्रेलिया और अन्य सहयोगियों द्वारा लिए गए इस आशय के फैसले को शर्मनाक बताया है.

हमास नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले 24 घंटों में कुपोषण से पांच लोगों की मौत हो गई है, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है. इसके साथ ही कुपोषण से मरने वालों की संख्या 222 हो गई है जिनमें 101 बच्चे शामिल हैं. इज़राइल ने गाज़ा में भुखमरी से इनकार किया है और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों पर सीमाओं पर सहायता न लेने और उसे नहीं पहुंचाने का आरोप लगाया है. संयुक्त राष्ट्र ने कहा इज़राइल-नियंत्रित सीमा क्षेत्रों से सहायता एकत्र करने में उसे बाधाओं व देरी का सामना करना पड़ रहा है.

## धराली में मजदूरी को गए सहारनपुर के युवक अब भी लापता

**सहारनपुर, 12 अगस्त.** उत्तराखंड के उत्तरकाशी के धराली में सहारनपुर के तीन मजदूरों के भी लापता होने से उनके परिजन खासे चिंतित हैं. परिजनों ने धराली जाकर अपने लालों की कई दिन तक गहनता से तलाश की लेकिन उन्हें उनका कोई सुराग नहीं लगा. वे अब इस उम्मीद में है कि जल्द ही उनके खोये बेटों की वापसी हो जाएगी. जानकारी के मुताबिक सहारनपुर के गांव के 22 वर्षीय युवक मुकेश कुमार और 19 वर्षीय उनका चचेरा भाई दीपांशु के अलावा 18 वर्षीय उनका साथी आफताब धराली में वेल्डिंग का काम करते थे. बादल फटने से वहां जल प्रलय आ गई जिसने अपने आगोश में सब कुछ लील लिया.

**जीरो होगा बिल** | **नीतीश कुमार का बड़ा ऐलान, राज्य के 1.89 करोड़ उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ**

# बिहार में हर माह 125 यूनिट बिजली फ्री

**गया, 12 अगस्त. बिहार में बिजली उपभोक्ताओं के लिए खुशखबरी है. सीएम नीतीश कुमार ने सोमवार को विद्युत उपभोक्ता संवाद कार्यक्रम के दौरान राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को हर माह 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने की योजना की घोषणा की.**



यह योजना जुलाई से लागू हो चुकी है और इसका लाभ करोड़ों परिवारों को मिल रहा है. पटना. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के विद्युत उपभोक्ताओं से सीधा संवाद किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा सभी घरेलू उपभोक्ताओं को जुलाई 2025 से हर माह 125 यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है. यह मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के अंतर्गत लागू की गई है, जिससे राज्य के लगभग 1 करोड़ 89 लाख उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिल रहा है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बिहार में बिजली की हालत बेहद खराब थी. 2005 से पहले राजधानी पटना में भी बिजली दिन में केवल 7-8 घंटे ही रहती थी. लेकिन 24 नवंबर 2005 को सरकार गठन के बाद ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार किए गए. बजट बढ़ाया गया. अक्टूबर 2018 तक हर घर बिजली का वादा समय से पहले पूरा किया गया. कार्यक्रम में नूरजहां खातून ने सीएम से बात करते हुए कहा, अब बिजली बिल जीरो आ रहा है.